17/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

छिहत्तर हज़ार मीट्रिक टन LPG ले जा रहा भारतीय मालवाहक जहाज़ 'नंदा देवी' आज सुबह, पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच 'स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज़' को पार करते हुए, क़तर से गुजरात के देवभूमि द्वारका ज़िले में स्थित वाडिनार बंदरगाह पर सुरक्षित पहुँचा। दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी के चेयरमैन सुशील कुमार सिंह ने घोषणा की है कि 'नंदा देवी' जहाज़ से LPG को छोटे जहाज़ों में ट्रांसफ़र किया जाएगा, ताकि इसे तमिलनाडु के एन्नोर और पश्चिम बंगाल के हल्दिया तक पहुँचाया जा सके। कल, क़तर से LPG लेकर आ रहा एक और भारतीय मालवाहक जहाज़ 'शिवालिक' भी गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर सुरक्षित पहुँच गया था। इन दोनों खेपों से देश के गैस भंडार को काफ़ी मज़बूती मिलने की उम्मीद है। इक्यासी हज़ार टन कच्चा तेल (क्रूड ऑयल) ले जा रहा एक और भारतीय जहाज़ 'जग लाडकी' भी भारत की ओर रवाना हो चुका है। 000000000000000000000000

सरकार ने स्पष्ट किया है कि एल पी जी के लिए बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण - ई के वाई सी केवल उन ग्राहकों के लिए आवश्यक है जिनका अभी तक प्रमाणीकरण नहीं हुआ है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह कोई नया निर्देश नहीं है, बल्कि यह सरकार के उन प्रयासों का हिस्सा है जिनके अंतर्गत

अधिक से अधिक एल पी जी उपभोक्ताओं को बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा है कि ये उन एल पी जी उपभोक्ताओं पर लागू होता है जिन्होंने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जिन ग्राहकों ने पहले ई के वाई सी करा लिया है, उन्हें इसे दोबारा कराने की आवश्यकता नहीं है। प्रधानमंत्री उज्‍जवला योजना से जुड़े लाभार्थियों को इसे प्रत्येक वित्तीय वर्ष में सात रिफिल कराने के बाद आठवीं और नौंवी बुकिंग के लिए छूट प्राप्‍त करने हेतु केवल एक बार कराना होता है।

0000000000000000000000000

ईटानगर स्थित नीती विहार क्षेत्र में 16 मार्च को शाम करीब चार बजे रिटेनिंग वॉल के निर्माण के दौरान भूस्खलन की घटना घटी। जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य आपातकालीन टीमों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन इस हादसे में चार लोगों की मृत्यु हुई। राज्‍यपाल लेटिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्‍र स्वस्थ होने की कामना की।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार ने 27 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का तबादला और पदस्थापन किया है, जिनमें IPS और राज्य पुलिस सेवा कैडर के कई अधिकारी शामिल हैं।

राज्य गृह विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, हाल ही में हुई पुलिस स्थापना बोर्ड की बैठक के बाद राज्यपाल ने इन तबादलों का आदेश दिया। अधिसूचना के मुताबिक, यह फेरबदल पुलिस प्रशासन को सुव्यवस्थित करने और राज्य में कानून-व्यवस्था तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है। वरिष्ठ IPS अधिकारी चिन्मय बिस्वाल को IGP (सुरक्षा/अपराध) नियुक्त किया गया है, जबकि जॉय तिर्की को DIG मुख्यालय (अतिरिक्त) का प्रभार सौंपा गया है। दिल्ली कैडर के IPS अधिकारी मंगेश DIG (तिराप, चांगलांग और लोहित जिले) का पदभार संभालेंगे। अचिन गर्ग को SP (अपराध) के पद पर तैनात किया गया है, और अंजिता चेप्याला SP (SIT/साइबर अपराध) का कार्यभार संभालेंगी। देकियो गुमजा को विशेष कार्य बल (STF) का SP नियुक्त किया गया है, और सेपराज परमे SDRF/होम गार्ड्स/नागरिक सुरक्षा के नए SP नियुक्त किए गएं हैं।

0000000000000000000000000

ऊपरी सुबनसिरी ज़िले के लिए वर्ष 2026-27 का पोटेंशियल लिंक्ड क्रेडिट प्लान, आज दापोरिजो में आयोजित जिला परामर्श समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त तासो गाम्बो द्वारा उद्घाटन किया गया। इसे NABARD द्वारा तैयार किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण की कुल संभावित राशि छैयासठ दशमलव दो दो करोड़ रुपये आंकी गई है।

0000000000000000000000000

एक ऐतिहासिक पहल के तहत, न्यीशी एलीट सोसाइटी के कार्यकारी सदस्यों ने 2025-28 सत्र के लिए पहली बार न्यीशी भाषा में शपथ ग्रहण किया। शपथ समारोह आज रिसर्च एंड हेरिटेज सेंटर में आयोजित किया गया, जिसमें 11 जिलों और बयालीस ब्लॉकों के सदस्य शामिल हुए। यह पहल आदिवासी पहचान को संरक्षित और बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

0000000000000000000000000

पासिघाट स्थित अरुणाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सोशल वर्क विभाग ने आज विश्व सामाजिक कार्य दिवस 2026 के अवसर पर एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर विश्वविद्यालय छात्र संघ और बाकिन पर्टिन जनरल अस्पताल, पासीघाट के ब्लड सेंटर के सहयोग से आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 25 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

0000000000000000000000000

तवांग ज़िले में प्रधान जनगणना अधिकारियों, अतिरिक्त जिला प्रभार अधिकारियों और उप-विभागीय प्रभार अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रथम चरण का प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हो गया है। प्रशिक्षण का आयोजन डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल, तवांग में किया जा रहा है।

0000000000000000000000000